# क्या ऐसी नाराज़ी है याद नहीं अब आती है लिरिक्स

क्या ऐसी नाराज़ी है,
याद नहीं अब आती है,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा।bd।

---

ठोकर इतनी खाई मैंने,
पल पल धोखे मिले,
सूख गए हैं आँख के आंसू,
पर तुम क्यों ना मिले,
क्या तुमको तरस ना आता है,
बेटा नहीं सुहाता है,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा।bd।

---

तुझको पुकारूँ अर्ज़ गुज़ारूं,
सुनलो अर्ज़ मेरी,
नैया है टूटी किस्मत रूठी,
देखो तरफ मेरी,
बाबा अब तो आ जाओ,
नैया पार लगा जाओ,
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा।bd।

---

सुनली अर्ज़ी गले लगाया,
धीर बंधाया है,
व्यस्त था थोड़ा माफ़ी मैं मांगू,
सर पे हाथ फिराया है,
अब ना तुमको रोना है,
ना कहीं पे झुकना है,
करता हूँ ये वादा मैं हूँ तेरा,
साथ रहूँगा हर दम हर पल तेरा।bd।

---

क्या ऐसी नाराज़ी है,
याद नहीं अब आती है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा,
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा।bd।

**Singer – Suhani Agarwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com